मूल्य 1 रु.

वर्ष: 9 - अंक : 299, मुंबई, शनिवार, 15 फरवरी, 2020 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान

दैनिक

# मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®

अब हर सच होगा उजागर

## एनपीआर को लेकर...

# कांग्रेस में घमासान

## चिदंबरम से भिड़े संजय निरुपम

**संवाददाता**

**मुंबई।** नेशनल पॉपुलेशन रजिस्टर (एनपीआर) को लेकर कांग्रेस पार्टी में घमासान शुरू हो गया है। जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी (जेएनयू) में नेशनल पॉपुलेशन रजिस्टर पर बयान को लेकर कांग्रेस नेता संजय निरुपम ने पूर्व केंद्रीय वित्तमंत्री पी चिदंबरम को निशाने पर लिया है। उन्होंने ट्वीट कर कहा, टोटल कन्फ्यूजन! पी चिदंबरम चाहते हैं कि एनपीआर का विरोध हो।

(शेष पृष्ठ 5 पर)



## महाराष्ट्र सरकार ने 1 मई से एनपीआर शुरू करने का किया ऐलान

## 50 सेकंड में 'लूट' लेते थे तत्काल टिकट

# 300 गिरफ्तार



## सॉफ्टवेयर से कैप्चा और ओटीपी डालने से बचते थे एजेंट

**संवाददाता**

**मुंबई।** रेलवे के तत्काल टिकट की बुकिंग में गड़बड़ी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश दो हफ्ते पहले किया गया था। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने अब देशभर के अलग-अलग हिस्सों में छापेमारी में 300 एजेंट्स को गिरफ्तार कर लिया है। इसमें से 48 सिर्फ मुंबई से हैं। इन लोगों के पास से लगभग 21 लाख रुपये के टिकट भी बरामद किए गए हैं। बता दें कि ये लोग ऑनलाइन सिस्टम के बावजूद गलत तरीके से टिकट बुक कर लेते थे और उसे महंगे दामों में बेच देते थे।

(शेष पृष्ठ 5 पर)




# भूस्खलन में एक ही परिवार के 21 लोगों की मौत

## 50 घरों को नुकसान पहुंचा, पिछले 2 महीने में मृतकों की संख्या 72 हुई



संवाददाता

काबुल। अफगानिस्तान के मध्य डेकुंडी प्रांत में गुरुवार को हुए भूस्खलन में एक ही परिवार के 21 लोगों की मौत हो गई। इस घटना में 50 घरों को भी नुकसान पहुंचा। आपदा मंत्रालय के प्रवक्ता अहमद ने शुक्रवार को बताया कि इस घटना में 7 लोग लापता हैं, जिनकी तलाश की जा रही है। उन्होंने बताया कि इसमें 10 लोग घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

(शेष पृष्ठ 5 पर)

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## संक्षिप्त खबर

### 2 साल में हो जाएगा हाजी अली दरगाह का 'कायाकल्प'

**मुंबई।** मुंबई शहर के पालक मंत्री व राज्य के वस्त्र उद्योग मंत्री असलम शेख ने वरली स्थित हाजी अली दरगाह को देश का नंबर वन धार्मिक स्थल बनाने का बीड़ा उठाया है। दो साल में करीब 40 करोड़ रुपये खर्च कर दरगाह परिसर का कायाकल्प करने की योजना बनाई है। तीन महीने में इस पर काम शुरू करने का दावा पालक मंत्री ने किया है।

पालक मंत्री असलम शेख कहते हैं कि 1431 में सैय्यद पीर हाजी अली शाह बुखारी की स्मृति में यह दरगाह बनाया गया था। यह दरगाह मुस्लिम एवं हिंदू दोनों समुदायों के लिए विशेष धार्मिक महत्व रखता है। मुंबई के महत्वपूर्ण धार्मिक एवं पर्यटन स्थल के रूप में भी इसे जाना जाता है। मन्नतों को पूरा करने वाले इस दरगाह के बारे में दुनियाभर के लोगों के मन में कौतूहल है।

हाजी अली दरगाह का नया रूप देने के लिए मुंबई शहर के पालक मंत्री असलम शेख ने मंत्रालय में एक विशेष बैठक की, जिसमें बीएमसी कमिश्नर प्रवीण परदेशी, मुंबई शहर के जिलाधिकारी राजीव निवटकर, सह पुलिस आयुक्त नवल बजाज, मुंबई मेरिटाइम बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रामास्वामी एन., हाजी अली दरगाह के ट्रस्टी मसूद हसम दादा, रिजवान मर्चेंट, सुहेल खांडवानी व अन्य लोग उपस्थित थे।

**क्या किया जाएगा**

मुख्य मार्ग पर भव्य-दिव्य बुलंद दरवाजे का निर्माण किया जाएगा
विभिन्न फूलों के पेड़ो से सजा मुगल गार्डन का निर्माण
मुगल गार्डन में प्राचीन कालखंड की याद दिलाने वाले बेंच लगाएंगे जाएंगे
अत्याधुनिक लाइटिंग सिस्टम लगाया जाएगा
श्रद्धालुओं के लिए विशेष सुविधाएं और विजिटर प्लाजा बनाया जाएगा
मुख्य रस्ता से दरगाह तक के मार्ग का नूतनीकरण
आसपास के सभी अतिक्रमण को हटाया जाएगा

### चेन पर सामान लटकाने से लेट हो रही हैं गांव की ट्रेनें

**मुंबई।** सर्दियों के मौसम में कोहरे के कारण उत्तर भारत की ओर से आने वाली अधिकतर ट्रेनें देरी से चलती हैं, लेकिन एक हैरान करने वाला कारण और है, जिससे ट्रेनें लेट हो जाती हैं। वह कारण है स्टेशनों पर ट्रेनों की चेन पुलिंग। खासतौर पर उत्तर भारत की ओर आने-जाने वाली ट्रेनें इस कारण से लेट हो जाती हैं। मध्य रेलवे पर अप्रैल-2019 से जनवरी 2020 तक मुंबई के अलग-अलग स्टेशनों पर 1434 मामले चेन पुलिंग के दर्ज हुए हैं। 2018-19 के मुकाबले इस तरह के मामलों में 42 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

ट्रेनों के लेट होने के कारणों की जांच के लिए मध्य रेलवे मुंबई डिविजन द्वारा एक रिपोर्ट तैयार की गई है। इस रिपोर्ट में चेन पुलिंग की घटनाओं से ट्रेन लेट होने के मामले सबसे ज्यादा सामने आए हैं। चेन पुलिंग की वजह भी हैरान करने वाली है। अक्सर यात्रियों द्वारा जंजीर से खान-पान का सामान लटकाने के कारण ये घटनाएं हो रही हैं। सामान के बोझ से चेन खिंचती है और ट्रेन रुक जाती है। रिपोर्ट में बताया गया है कि चेन पुलिंग की घटनाओं के कारण जहां 2018-19 में 1,658 ट्रेनें लेट हुईं, 2019-20 (जनवरी तक) इन घटनाओं की संख्या बढ़कर 2,357 हो गई।

एक अधिकारी के अनुसार, विश्लेषण में ये भी पता चला है कि पुराने कोच की बजाय आधुनिक एलएचबी कोच में ये घटनाएं ज्यादा हो रही हैं। इन कोच में चेन का हैंडल कुछ इस तरह बना हुआ है कि यात्री इसे सामान लटकाने का हैंडल समझ लेते हैं। पुराने कोच में लटकती हुई जंजीर के कारण फर्क समझना आसान था। मध्य रेलवे मुंबई डिविजन सिक्यॉरिटी कमिश्नर के.के. अशरफ के अनुसार, बिना सही कारण के चेन खींचना एक अपराध है। इन मामलों में दोषी पाए जाने पर कई यात्रियों को दंडित भी किया जा चुका है।

# मुंबई: 4 बड़े अस्पतालों पर 60 करोड़ का बकाया, दवाइयों की सप्लाई बंद

**मुंबई।** 4 बड़े अस्पतालों पर 60 करोड़ का बकाया, दवाइयों की सप्लाई बंदमुंबई के 40 केमिस्ट्स और चार पब्लिक हॉस्पिटल्स के बीच हुए विवाद का नतीजा मरीजों को भुगतना पड़ सकता है। दरअसल, इन केमिस्ट्स ने चारों अस्पतालों को ब्लैकलिस्ट कर दिया है। दरअसल, मामला 60 करोड़ रुपये के बकाये का है जिसे न चुकाए जाने पर ड्रगिस्ट ऐंड केमिस्ट असोसिएशन ऑफ मुंबई ने फैसला किया है कि इन अस्पतालों को कोई दवाई नहीं दी जाएगी।

इससे कारण काफी नुकसान होने वाला है क्योंकि इन केमिस्ट्स के पास वे खास दवाएं और इक्विपमेंट्स होते हैं जो आमतौर पर सप्लायर्स नहीं रखते हैं। ये केमिस्ट्स आपात की स्थिति में बिना टेंडर के भी दवाएं मुहैया कराते थे। पिछले साल जून में जेजे अस्पताल में हार्ट सर्जरी बंद करनी पड़ी थीं क्योंकि वेंडर्स ने 3 करोड़ बकाए होने पर ऑक्सिजनर्स और आर्टिफिशल वॉल्व देना बंद कर दिया था।

केमिस्ट्स का कहना है कि चार साल से बकाये का विवाद चल रहा है और वे अब ज्यादा इंतजार नहीं कर सकते हैं। डायरेक्टोरेट ऑफ मेडिकल एजुकेशन




ऐंड रीसर्च (ऊटएफ) ने भी केमिस्ट्स की मदद करने में असमर्थता जताई थी। दरअसल, उनका कहना है कि अस्पतालों का नियम है कि अपने बजट के 10% से ज्यादा वे बिना टेंडर दवाएं खरीदने पर खर्च नहीं कर सकते। केमिस्ट्स का कहना है कि भुगतान न होने पर उन्हें अपने घर गिरवी रखने पड़े हैं।

दादर की ममता ट्रेडिंग कंपनी के श्रेनिक गुज्जर जेजे, सेंट जॉर्ज, कामा और जीटी अस्पताल को दवाई सप्लाई करते हैं। उनका कहना है, 'हमें अस्पतालों के डीन और सुपरिंटेंडेंट्स से वैध ऑर्डर मिलते हैं और हम सप्लाई करते हैं अब जब हम पैसे मांग रहे हैं तो वे बजट की सीमाएं बता रहे हैं।' जेजे अस्पताल के सामने शीतल फार्मा ऐंड लाइफ केयर चलाने वाले दीपेश शाह का कहना है कि जेजे पर उनके 80 लाख रुपये और सेंट जॉर्ज पर 1.5 करोड़ रुपये बकाया हैं। उन्होंने बिजनस चालू रखने के लिए घर गिरवी रख दिया है। भायखला में श्री पारस मेडिकल स्टोर चलाने वाले राज गोसर ने बताया कि उन्हें 10% बजट के नियम के बारे में नहीं पता था। उनका कहना है कि कई केमिस्ट अब दिवालिया होने की कगार पर हैं और सड़कों पर उतर सकते हैं। वहीं, ऊटएफ के डायरेक्टर डॉ. टीपी लहाने का कहना है कि जल्द ही इसका समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि केमिस्ट्स के दावों की जांच की जाने चाहिए और एक समिति का गठन करना चाहिए। हालांकि, लहाने ने दावा किया कि केमिस्ट्स के सप्लाई बंद करने से किसी को खतरा नहीं है। हालांकि, जेजे के एक सीनियर डॉक्टर ने बताया है कि सभी अस्पताल लोकल मेडिकल स्टोर्स पर ऐसी चीजों के लिए निर्भर करते हैं जो दूसरे सप्लायर्स के पास नहीं होती हैं।

## मुंबई: आवारा कुत्ते को पनाह देने पर विवाद, महिला की हार्ट अटैक से मौत

**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई के डोम्बिवली इलाके में 35 वर्षीय एक महिला को आवारा कुत्ते को पनाह देना भारी पड़ गया। मामले को लेकर मोहल्ले की चार महिलाओं के साथ झगड़े के कुछ ही घंटे बाद उसकी हार्ट अटैक से मौत हो गई। पुलिस ने ऐक्सिडेंटल डेथ के मामले में मुकदमा पंजीकृत किया है।

मृतक महिला की पहचान नागम्मा शेट्टी के रूप में हुई। नागम्मा के पति की मौत हो चुकी है और वह अपनी बेटी के साथ डोम्बिवली के मानपाड़ा में एक चॉल में रहती थी। पुलिस के मुताबिक, मंगलवार को नागम्मा ने एक आवारा कुत्ते को पनाह दी थी, जिसके कारण उसकी चॉल की ही चार महिलाओं से बहस हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि चारों महिलाओं ने नागम्मा की पिटाई कर दी। इसके बाद उन्होंने घटना की पुलिस थाने में शिकायत कर दी।



पुलिस ने नागम्मा को अस्पताल जाकर इलाज कराने के लिए कहा लेकिन वह अपने घर चली आई। इसके बाद देर रात हार्ट अटैक से उसकी मौत हो गई। नागम्मा की बेटी सुनीता ने बताया कि आरोपी महिलाओं ने नागम्मा के सीने पर वार किया था। उन्होंने पुलिस से मांग की कि आरोपियों के खिलाफ हत्या के अपराध में मामला दर्ज किया जाए। हालांकि, मानपाड़ा पुलिस ने ऐक्सिडेंटल डेथ के मामले में केस दर्ज किया है।

## अंधेरी में आग, कोई हताहत नहीं

**मुंबई।** गुरुवार को मुंबई में एक बार फिर से आग की घटना सामने आई। हालांकि खबर लिखे जाने तक इसमें किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं रही। बीएमसी से मिली जानकारी के अनुसार, सुबह के 11.30 बजे एमआईडीसी स्थित चार मंजिला एक कमर्शियल बिल्डिंग में आग लग गई। आग बिल्डिंग के दूसरे मंजिल पर लगी थी, जो कुछ ही समय में तेजी से फैल गई। आग की खबर सुनते ही वहां से सभी लोग बाहर निकल चुके थे। बीएमसी के अडिशनल म्युनिसिपल कमिश्नर सुरेश काकानी ने बताया देर शाम तक वहां किसी के फंसने की कोई जानकारी नहीं थी।

## क्लीन अप मार्शल की मनमानी पर लगेगी लगाम

मुंबई। क्लीन अप मार्शल के हाथों में जल्द ही आपको हैंड हैंडल डिवाइस नजर आएंगी। इनके जरिए, क्लीन अप मार्शल को लेकर आ रही शिकायतों पर लगाम लगाने की तैयारी है। दरअसल, डिवाइस में हर गुनाह के लिए लगने वाला जुमार्ना दिख जाएगा। यानी कोई मार्शल आपसे ज्यादा पैसे नहीं वसूल पाएगा। साथ ही, कई अवैध मार्शल बनने वालों के हाथ में यह डिवाइस न होने से इस तरह की शिकायतों पर लगाम लगेगी।

बीएमसी नए टेंडर में इन शर्तों का समावेश करने की तैयारी में है। गौरतलब है कि क्लीन अप मार्शल से जुड़ी शिकायतें अक्सर बीएमसी को मिलती रहती हैं। अवैध रूप से वसूली करने वालों पर इस संदर्भ में कई बार कार्रवाई की जा चुकी है।

क्लीन अप मार्शल के लिए नई एजेंसियों की नियुक्ति अप्रैल से की जाएगी। इस संदर्भ में टेंडर प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी। इस बार के टेंडर में मार्शल के हाथों में आधुनिक मशीनें देने की भी शर्त होगी। एक अधिकारी ने कहा कि मशीन में सभी तरह के जुमार्ने की सूची होगी। कोई भी मार्शल ज्यादा पैसे नहीं ले पाएगा। इस मशीन में मार्शल को नियम तोड़ने वालों की सारी जानकारी भी इकट्ठा करनी होगी। गंदगी करने वाले का नाम, पता इत्यादि। इसमें बीएमसी को बार-बार गंदगी करने वालों की भी जानकारी मिल सकेगी। जानकारी न देने की स्थिति में मार्शल द्वारा फोटो खींचने की भी व्यवस्था पर विचार चल रहा है।

क्लीन अप मार्शल सड़क पर चलने वालों पर खासी टकटकी लगाए रखते हैं। एक मार्शल ने कहा कि हम जितने लोगों से जुमार्ना वसूलते हैं, उसी आधार पर हमें पैसे मिलते हैं।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर,
एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9769659975**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# भीमा-कोरेगांव हिंसा: मुख्यमंत्री उद्धव ने गृहमंत्री देशमुख के फैसले को पलटा, होगी एमआईए जांच

**मुंबई।** महाराष्ट्र के गृह मंत्री अनिल देशमुख के विरोध के बाद भी मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कोरेगांव-भीमा हिंसा मामले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) से कराने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री के निर्णय पलटने पर गृह मंत्री अनिल देशमुख ने गुरुवार को पत्रकारों से कहा कि मेरी भूमिका को मुख्यमंत्री को पलटने का अधिकार है।

देशमुख ने कहा कि भीमा-कोरेगांव हिंसा मामले की राज्य की पुलिस कर रही थी, परंतु अचानक ही केंद्र सरकार ने एनआईए से जांच कराने का निर्णय लिया। इस



पर मैंने बतौर गृहमंत्री आपत्ति जताई थी। मेरा मानना है कि कोरेगांव-भीमा हिंसा मामले की जांच एनआईए को सौंपने पहले राज्य सरकार को विश्वास में लेना चाहिए था, लेकिन केंद्र सरकार ने कोई जानकारी नहीं दी। देशमुख ने कहा कि यह मामला पुणे की अदालत में चल रहा है जिस 14 फरवरी को फैसला आने वाला है।

दिल्ली की तर्ज पर सीएए और एनआरसी के खिलाफ मुंबई में भी विरोध प्रदर्शन नागपाड़ा इलाके में जारी है। धरना प्रदर्शन करने वालों ने गुरुवार को गृह मंत्री अनिल देशमुख से मुलाकात की। इस मुलाकात के बारे में देशमुख ने बताया कि 18 दिन से महिलाएं बिना अनुमति के धरने पर बैठी हैं। उन पर 149 के तहत मामला भी दर्ज किया है। उन सभी से पहले आंदोलन खत्म करने के लिए कहा गया है। उसके बाद ही 149 का दर्ज मामला वापस लेने पर विचार किया जा सकता है।

देशमुख ने कहा कि उन्होंने मुस्लिम महिलाओं से आंदोलन खत्म करने का आग्रह किया गया है। गृहमंत्री देखमुख से मिलने से पहले प्रदर्शन करने वालों ने बांद्रा स्थित आवास मातोश्री जाकर मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से मुलाकात की।

## वीआईपी दौरे और रैलियों के दौरान पुलिसकर्मियों को बैठने की अनुमति मिलनी चाहिए: पवार



**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रमुख शरद पवार ने महाराष्ट्र के गृह मंत्री अनिल देशमुख को यह कहते हुए पत्र लिखा है कि विशेष लोगों के दौरे और रैलियों के दौरान पुलिसकर्मियों को बैठने की इजाजत मिले। पवार ने कहा कि गृह विभाग को यह दिशानिर्देश बनाने चाहिए जिसमें आयोजकों को कार्यक्रमों के दौरान पुलिसकर्मियों के बैठने के लिए कुर्सियां उपलब्ध करानी चाहिए। पवार ने 10 फरवरी को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा है कि वीआईपी दौरे और रैलियों के दौरान पुलिसकर्मियों को खड़े रहना पड़ता है। उन्होंने कहा, ह्यह्य वीआईपी लोगों के आने और जाने के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने और भीड़ को नियंत्रण में रखने के दौरान वह काफी दबाव में रहते हैं।

## मुंबई के डब्बावालों को तोहफा, जल्द घर देने जा रही महाराष्ट्र सरकार

**मुंबई।** मुंबई की लाइफलाइन कहे जाने वाले डब्बावालों के लिए महाराष्ट्र सरकार ने एक बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने ऐलान किया है कि डब्बावालों के लिए सरकार जल्द ही घर बनवाएगी। इसके लिए संबंधित विभागों को निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं। उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने गुरुवार को हुई एक बैठक में यह फैसला लिया।

अजित पवार ने ट्वीट करके भी इस बारे में जानकारी दी है कि मंत्रालय में आयोजित एक बैठक में अधिकारियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत डब्बावालों को मकान उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं। इस बैठक में मुंबई डब्बावाला संघ के पदाधिकारी, श्रम मंत्री और दूसरे महत्वपूर्ण




अधिकारी उपस्थित थे।

बता दें कि लगभग पांच हजार डब्बावाले मुंबई के कार्यालयों में लगभग दो लाख लंच बॉक्स हर दिन पहुंचाते हैं। डब्बावाले अपनी त्रुटिहीन वितरण प्रणाली के लिए जाने जाते हैं, जिसका अध्ययन वैश्विक प्रबंधन विशेषज्ञों द्वारा किया गया है। मुंबई डब्बावाला असोसिएशन एक 'रोटी बैंकह्न भी चलाता है, जिसके माध्यम से सरकार द्वारा संचालित टाटा मेमोरियल अस्पताल, केईएम अस्पताल और वाडिया अस्पताल में इलाज कराने के लिए आए मरीजों के परिजनों को मुफ्त भोजन दिया जाता है।

साल 1890 में शुरू होने के बाद से टिफिन सर्विस पर पूरा मुंबई निर्भर करता आ रहा है। डब्बावालों की अनोखी कार्यशैली के चलते इन्हें कई सम्मानों से भी नवाजा जा चुका है। इनकी लोकप्रियता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि ब्रिटेन के राजघरानों को भेजे गए डब्बावालों के तोहफों को आज भी वहां की गैलरी में सम्मान के साथ सजाकर रखा जाता है।

## चंद्रकांत पाटिल फिर चुने गए महाराष्ट्र बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष



**मुंबई।** महाराष्ट्र बीजेपी की कमान चंद्रकांत पाटिल के हाथों में ही रहेगी। गुरुवार को हुए संगठनात्मक चुनाव में उन्हें एक बार फिर महाराष्ट्र प्रदेश बीजेपी का अध्यक्ष चुनाव गया है। इससे पहले बीजेपी ने नए प्रदेश अध्यक्ष के नाम की घोषणा 15 दिसंबर 2019 तक करने का ऐलान किया था। इसके अलावा मंगल प्रभात लोढ़ा को भी एक बार फिर मुंबई महानगर बीजेपी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। हालांकि राज्य में सत्ता को लेकर चले लंबे संकट के चलते इस चुनाव में 2 महीने की देरी हुई है।

साल 2019 लोकसभा चुनाव में जालना से सांसद चुने जाने और नरेंद्र मोदी मंत्रिमंडल में राज्य मंत्री का ओहदा पाने वाले रावसाहेब दानवे ने बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। उसके बाद राज्य विधानसभा चुनाव तक के लिए तत्कालीन राजस्व मंत्री चंद्रकांत पाटील को जुलाई में प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। पाटील, फडणवीस सरकार में महत्वपूर्ण मंत्री और प्रदेश अध्यक्ष की दोहरी जिम्मेदारी निभा रहे थे। बीजेपी को विश्वास था कि विधानसभा चुनाव के बाद पाटील की जगह किसी अन्य नेता को प्रदेश अध्यक्ष बनाकर उन्हें एक जिम्मेदारी से मुक्त कर दिया जाएगा। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष की रेस में मौजूदा अध्यक्ष चंद्रकांत पाटील के अलावा पूर्व वित्त मंत्री सुधीर मुनगंटीवार, देवेंद्र फडणवीस के करीबी पूर्व मंत्री गिरीश महाजन का नाम भी चर्चा में था। हालांकि इस बात की ज्यादा संभावना थी कि पाटील को ही दोबारा अध्यक्ष की कमान सौंपी जाएगी। पंकजा मुंडे और एकनाथ खडसे बगावती रुख अख्तियार किए हुए हैं, इसलिए उन्हें पहले ही रेस से बाहर माना जा रहा था। बीजेपी में 97 हजार बूथ अध्यक्ष और बूथ समितियों का चुनाव दिसंबर में ही हो गया था। इसके बाद 704 मंडल अध्यक्षों का चुनाव हुआ। जनवरी महीने में 72 जिलाध्यक्ष चुन लिए गए थे, जो प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव करते हैं।

## मुंबई के होटल में केन्या के व्यक्ति की मौत



**मुंबई।** कराटे टीम के साथ मुंबई आए केन्या के 39 वर्षीय नागरिक की मौत उपनगरीय मुलुंड के एक होटल में हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि मृतक की पहचान साइरस ओमोंडी के रूप में हुई है। वह केन्या के बच्चों के कराटे की टीम के साथ शहर में आए थे। ओमोंडी की मौत की वास्तविक वजह का अभी पता नहीं चला है लेकिन पुलिस को संदेह है कि उन्हें दिल का दौरा पड़ा।

## यह ठग बिना पेमेंट करता था भारत की सैर, यूं पहुंचा जेल

**मुंबई।** कुछ भी खरीदने, कहीं भी घूमने के लिए पेमेंट करना पड़ता था, लेकिन 25 साल के निखिल सुमन ने अपनी अनूठी मोडस ऑपरेंडी से पूरा देश भी घूम लिया और एक रुपया भी खर्च नहीं किया। उसकी यह इस कहानी तब सामने आई, जब मुंबई क्राइम ब्रांच के प्रॉपर्टी सेल ने उसे गोल्ड ठगी के केस में गिरफ्तार किया। इस केस में उसने एक जूलर को पांच लाख रुपये से ज्यादा की चपत लगाई थी।

निखिल एक कार्पोरेटर का बेटा है, लेकिन वह अपने घर बहुत कम रहता था। वह किसी भी दुकान में कुछ खरीदारी के बहाने जाता था। महंगा सामान खरीदता था और फिर दुकानदार से कहता था कि आप मुझे अपना अकाउंट नंबर बताओ, मैं अभी NEFT के जरिए बैंक के ऐप से आपको पेमेंट कर देता हूं। दुकानदार अपना अकाउंट नंबर दे देता था, लेकिन निखिल का बैंक बैलेंस कभी भी दो से तीन हजार रुपये से ज्यादा नहीं रहता था, इसलिए दुकानदार को ऐप में लिखी गई रकम कभी ट्रांसफर नहीं होती थी। हां, उसके ऐप में ऊपर अंग्रेजी में बड़ा सा Success लिखा आ जाता था। हां, उसके नीचे छोटे फांट में लिखा होता था- your transfer has been successfully schedued.

बाद में निखिल दुकानदार को इस लाइन को दिखा देता था। जब दुकानदार अपने मोबाइल में चेक करता था और बैंक की तरफ से कोई एसएमएस नहीं देखता था, तो वह कहता था कि आपके मोबाइल में नेटवर्क का प्रॉब्लम होगा। चिंता न करिए। जब यहां पर Success दिखा रहा है, तो रकम आपके अकाउंट में पहुंच गई है। इसके बाद वह दुकान से उठ लेता था और फिर लाल पीली टैक्सी या ऑटो करके कुछ किलोमीटर आगे चला जाता था। इसके बाद वह लंबे टूर के लिए किसी टूर ऐंड ट्रेवल एजेंसी से कोई गाड़ी हायर करता था। उस गाड़ी को किसी एक शहर छोड़कर एजेंसी मालिक को भी मोबाइल ऐप से रकम ट्रांसफर करने का दावा करता था।

# महाराष्ट्र के कॉलेज में छात्राओं को लव मैरीज नहीं करने की शपथ दिलाई गई, पंकजा बोलीं- सिर्फ लड़कियों से क्यों ?

◉ अमरावती जिले के महिला और कला महाविद्यालय ने वैलेंटाइन डे के मौके शपथ दिलाई गई
◉ पंकजा ने ट्विटर पर लिखा- लड़कों को शपथ दिलाएं कि वो लड़की पर तेजाब नहीं फेंकेंगे



**नागपुर।** महाराष्ट्र के अमरावती में महिला कॉलेज में वैलेंटाइन डे के मौके पर छात्राओं को प्रेम विवाह और प्रेम के खिलाफ शपथ दिलाई गई। स्कूल की इस हरकत के खिलाफ पूर्व मंत्री पंकजा मुंडे ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने ट्वीट कर पूछा कि सिर्फ लड़कियां ही क्यों इस तरह की शपथ लेंगी?

पंकजा मुंडे ने ट्वीट किया, 'हास्यास्पद!! अजीब!! अमरावती के एक स्कूल की लड़कियों ने प्यार में न पड़ने की शपथ ली और प्रेम विवाह न करने का संकल्प लिया। केवल लड़कियां ही क्यों शपथ लेती हैं?' उन्होंने अगले ट्वीट में लिखा, 'लड़कियों के बजाय लड़कों को शपथ दिलाएं कि वो एक तरफा प्यार में लड़की पर तेजाब नहीं फेंकेंगे और उसे जिंदा नहीं जलाएंगे। उन्हें शपथ लेना चाहिए कि वो कभी भी लड़कियों को गंदी नजर से नहीं देखेंगे। वो कभी भी किसी के साथ ऐसा नहीं होने देंगे।'

विवाद बढ़ने पर अमरावती जिले के महिला और कला महाविद्यालय ने सफाई दी है। कॉलेज प्रशासन ने कहा, 'इन दिनों लड़के-लड़कियों के बीच प्यार बढ़ता दिख रहा है। दहेज की प्रथा भी बढ़ गई है। ऐसी चीजों से बचने के लिए छात्राओं को यह अनूठा संकल्प दिलाया गया।

शपथ ग्रहण करते वक्त छात्राओं ने कहा, 'मैं कसम खाती हूं, मुझे अपने माता-पिता पर पूरा भरोसा है। इसलिए मेरे सामने होने वाली घटनाओं को देखते हुए, मैं प्यार और प्यार से शादी नहीं करूंगी। साथ ही दहेज लेने वालों के साथ भी शादी नहीं करूंगी। एक भावी मां के रूप में, मैं अपनी भावी बहू से दहेज नहीं लूंगी। साथ ही लड़की को दहेज भी नहीं दूंगी।

## चुनाव आयोग के नोटिस पर राज ठाकरे बोले : नहीं बदला है पार्टी का झंडा

**राज ठाकरे ने कहा कि नया झंडा उनकी पार्टी की ओर से कई साल पहले ही रजिस्टर्ड करवाया गया था**

**औरंगाबाद।** नए झंडे पर इलेक्शन कमीशन द्वारा राज ठाकरे की पार्टी को जारी किए नोटिस पर पार्टी प्रमुख की सफाई सामने आई है। औरंगाबाद में एक सभा के दौरान राज ठाकरे ने कहा कि न तो बांग्लादेशी और पाकिस्तानी घुसपैठियों के प्रति उनकी नीति बदली है और न ही उनकी पार्टी का झंडा।



बता दें कि 23 जनवरी को राज ठाकरे ने अपने नए झंडे का अनावरण किया था, जिसमें छत्रपति शिवाजी महाराज की शाही मुहर थी, जिसे 'राज मुद्रा' भी कहा जाता था। ठाकरे ने शुक्रवार को कहा, न तो बांग्लादेशियों और पाकिस्तानियों के प्रति मेरी नीति बदली है, और न ही मेरा झंडा। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी ने राज्य चुनाव आयोग को नए झंडे के बारे में एक पत्र भेजा था और यह तीन से चार साल पहले उनकी पार्टी की ओर से रजिस्टर्ड किए गए कई झंडों में से एक था। उन्होंने कहा कि शाही मुहर के साथ झंडा पहले भी कई पार्टियां निजी कार्यक्रमों में प्रदर्शित कर चुकी हैं। शिवसेना पर तंज कसते हुए राज ठाकरे ने कहा कि अन्य लोग अपनी नीतियों को बदलकर सत्ता में आए हैं।

भीमा कोरेगांव मामले के बारे में जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी को सौंपने के बारे में ठाकरे ने कहा, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि कौन सी एजेंसी जांच करती है, जांच एक निष्कर्ष पर पहुंचनी चाहिए। हम कई बार पूछताछ शुरू करते हैं, लेकिन वे कभी खत्म नहीं होते हैं।

## ट्रेन में सीट के विवाद में युवक की पीट-पीट कर हत्या, आरोपी 5 महिलाएं और 7 पुरुष गिरफ्तार

**पुणे।** यहां दौंड रेलवे स्टेशन से कुछ दूरी पर मुंबई-लातूर-बीदर एक्सप्रेस में सीट के विवाद में 12 लोगों ने पीट-पीटकर कर एक 26 वर्षीय युवक की हत्या कर दी। पुलिस ने सभी के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर 7 पुरुषों और पांच महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया है।

■ युवक कल्याण से जनरल कोच में पत्नी और बच्ची के साथ एक अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहा था
■ बेटी के रोने पर उसने अपनी पत्नी को बैठाने का आग्रह कुछ महिलाओं से किया था, जिसके बाद विवाद शुरू हुआ

रेलवे पुलिस सुपरीटेंडेंट दीपक सतोरे ने बताया कि घटना गुरुवार तड़के की है। कल्याण के रहने वाले सागर मार्कंड, पत्नी ज्योति और दो साल की बेटी के साथ ट्रेन के जनरल कोच में सफर कर रहे थे। वह अपने किसी रिश्तेदार के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए कुर्दवाड़ी जा रहे थे। बेटी के रोने पर सागर ने कोच में बैठी कुछ महिलाओं से अपनी पत्नी को बैठाने के लिए कहा। इससे नाराज महिलाएं सागर से लड़ने लगी।

पत्नी ज्योति के मुताबिक, कुछ ही देर में 6-7 पुरुष और 5 महिलाओं ने सागर को घेर लिया और उनसे मारपीट करने लगे। कुछ लोगों ने डंडे भी मारे। ज्योति ने कहा कि वह मदद के लिए चिल्लाईं, लेकिन डिब्बे में किसी ने भी मदद नहीं की। सागर को इस कदर पीटा गया कि वे बेहोश हो गए और फिर जाकर उन्हें छोड़ा गया।

ट्रेन जब दौंड जंक्शन पर रुकी, तो ज्योति को रेलवे पुलिस की मदद मिली। पुलिस ने सागर को पास के अस्पताल में पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने सभी आरोपियों को आईपीसी की धारा 302, 34, 504, 323, 146 और 147 के तहत केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। इनमें एक नाबालिग भी है। सभी आरोपियों को स्थानीय पुलिस को शुक्रवार को सौंप दिया जाएगा।



(पृष्ठ 1 का शेष)

### एनपीआर को लेकर कांग्रेस में घमासान

इसके लिए उन्होंने जेएनयू के छात्रों को कुछ टिप्स दिए हैं। वहीं, महाराष्ट्र की उद्धव ठाकरे सरकार ने एक मई से 15 जून के बीच एनपीआर कराने का ऐलान किया है। महाराष्ट्र की सत्ता में कांग्रेस पार्टी शिवसेना की साझेदार है। क्या दिल्ली में कांग्रेस नेतृत्व को इसकी जानकारी है? दरअसल, गुरुवार को जेएनयू में कांग्रेस के दिग्गज नेता पी. चिदंबरम ने कहा था कि अगर सभी राज्य के लोग एनपीआर के खिलाफ लामबंद हो जाएं और राज्य सरकारें फैसला कर लें कि इसको लागू नहीं किया जाएगा, तो यह विफल हो जाएगा। राज्यों के सहयोग के बिना एनपीआर को लागू नहीं किया जा सकता है। चिदंबरम ने कहा था कि एनपीआर, एनआरसी और सीएए तीनों अलग हैं, लेकिन तीनों इंटरकनेक्टेड हैं। जेएनयू में साबरमती हॉस्टल के बाहर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि संविधान में नागरिकता का प्रावधान है और पूरे विश्व में हर जगह देश के अंदर रहने वाले नागरिकों को नागरिकता का प्रावधान होता है। अगर किसी के पिता या पूर्वज भारत में रह चुके हैं, तो उनके बच्चे यहीं के नागरिक होते हैं। चिदंबरम ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर को संविधान में नागरिकता के अनुच्छेद को बनाने में तीन महीने का समय लगा था, लेकिन वर्तमान सरकार ने 8 दिसंबर को सीएए ड्राफ्ट किया और अगले दिन लोकसभा से पास करा लिया।

### 50 सेकंड में 'लूट' लेते थे तत्काल टिकट

जानकारी के मुताबिक, यह गिरोह हर दिन बड़े और महत्वपूर्ण रूट्स के हजारों तत्काल टिकट बुक कर रहा था। जिन 300 एजेंट्स को गिरफ्तार किया गया है, वे सभी आईआरसीटीसी से अप्रूव्ड हैं। गड़बड़ी करने के लिए ये लोग आईआरसीटीसी के यूजर आईडी और पासवर्ड के साथ-साथ फर्जी आईडी का इस्तेमाल करते थे। अनऑथराइज्ड सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल करके ये लोग कुल उपलब्ध टिकटों के आधे से ज्यादा टिकट सिर्फ 50 सेकंड में ही बुक कर लेते थे। आरपीएफ के महानिदेशक अरुण कुमार ने बताया, सिस्टम में गड़बड़ी करके टिकट बुक करने वाले लोगों के खिलाफ ऐक्शन जारी कर रहेगा। सिर्फ दो दिनों में ही 300 एजेंट्स गिरफ्तार किए गए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि सेंट्रल रेलवे ने अभी तक लगभग 11 लाख रुपये के टिकट भी बरामद कर लिए हैं। वहीं, वेस्टर्न रेलवे ने लगभग 10 लाख रुपये कीमत के टिकट बरामद किए हैं। जनवरी के आखिरी हफ्ते में आरपीएफ ने 26 लोगों को गिरफ्तार किया था। इस गिरोह के मुखिया की पहचान गुलाम मुस्तफा के रूप में हुई है. वहीं, वेस्टर्न रीजन में गिरोह का काम दीपल साहा उर्फ डैनी साहा संभालता था। इसके अलावा दुबई से गिरोह का काम देखने वाले हामिद अशरफ की भी पहचान की है। ये एजेंट्स जिस सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल करते थे, उसकी मदद से कैप्चा (CAPTCHA) और ओटीपी को स्किप कर देता था। इसी के चलते एजेंट्स हर टिकट की बुकिंग में लगभग 30 सेकंड का समय बचा लेते थे। इतने समय में आम लोग लॉगिन भी नहीं कर पाते हैं। इसका फायदा इस गिरोह को टिकट लेने में भी मिलता था और आधे से ज्यादा टिकट गिरोह ले उड़ता था। इस सॉफ्टवेयर की मदद से एक ही कंप्यूटर पर 500 अलग-अलग आईपी अड्रेस जेनरेट होते थे, जिससे एक ही कंप्यूटर से कई सारे टिकट बुक हो जाते थे। आपको बता दें कि भारत में तत्काल टिकट बुक करवा पाना काफी मुश्किल काम है। ऐसे में आम नागरिक को तत्काल टिकट के लिए एजेंट्स को हर टिकट के लिए 200 से 500 रुपये अतिरिक्त देने पड़ते थे। त्योहारों से समय में यही एक्स्ट्रा चार्ज 1000 रुपये तक भी पहुंच जाता है।

### भूस्खलन में एक ही परिवार के 21 लोगों की मौत

अफगानिस्तान में इस बार ठंड के दौरान भारी बर्फबारी, भूस्खलन और बाढ़ की घटनाओं में वृद्धि हुई है। भूस्खलन की घटना के बाद पिछले दो महीने में प्राकृतिक आपदाओं में मरने वालों की संख्या 72 हो गई है। कई घायल हुए और बाढ़ के कारण 2400 घर बह गए। 1979 में सोवियत संघ के विघटन के बाद से अफगानिस्तान करीब चार दशकों से युद्ध और संघर्ष की चपेट में हैं। भूस्खलन, बाढ़ और हिमस्खलन के कारण देश के इन्फ्रास्ट्रक्टर को नुकसान पहुंचता है।









# मुंबई प्रेस क्लब में आयोजित किया गया 'एक शाम-फैज के नाम' का कार्यक्रम









**संवाददाता**

**मशहूर लेखक,** शायर और पत्रकार फैज अहमद फैज की जयंती पर मुंबई प्रेस क्लब में आयोजित 'एक शाम-फैज के नाम' का कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम को चार चाँद लगाने के लिये वहाँ मौजूद सैंकड़ों श्रोताओं के अलावा महाराष्ट्र सरकार के सीनियर कैबिनेट मंत्री नवाब मलिक, पूर्व विधायक सुहेल लोखंडवाला, पूर्व विधायक यूसुफ अब्राहनी, शिवसेना के वरिष्ठ नेता साजिद सुपारीवाला, मशहूर पर्यावरणविद आबिद सुरती, नासीर पठाण, शीशा होटल के मालिक मोहम्मद अहमद और मुंबई प्रेस क्लब के चेयरमैन धर्मेंद्र जोड़े, अध्यक्ष गुरवीर सिंह, कोषाध्यक्ष वरुण सिंह, मैनेजिंग कमेटी मेंबर जतिन देसाई, उर्दू जर्नलिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष सरफराज आरजू इत्यादि मौजूद रहे। प्रोग्राम की निजामत साहित्य अकादमी सम्मान प्राप्त मशहूर शायर पंडित सागर त्रिपाठी ने की। कार्यक्रम के अंत में प्रेस क्लब ऑफ इंडिया के मेंबर और मैट्रोयुग फाउंडेशन के अध्यक्ष उस्मान सिद्दीकी ने सभी को धन्यवाद दिया।

# आतंकी सरगना हाफिज सईद को सजा सुनाने का ढोंग

**एक** तरफ भारत में पिछले वर्ष जम्मू कश्मीर के पुलवामा में सुरक्षा बलों पर हुए जघन्य आतंकी हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि जा रही है व दूसरी तरफ पाकिस्तान में आतंकी सरगना हाफिज सईद को सजा सुनाने का ढोंग किया जा रहा है। आतंकी सरगना हाफिज सईद को सुनाई गई सजा पर यह संदेह होना स्वाभाविक है कि कहीं यह दुनिया की आंखों में धूल झोंकने की कोशिश तो नहीं? इस संदेह का एक बड़ा कारण यह है कि चंद दिनों बाद ही अंतरराष्ट्रीय संगठन फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स यानी एफएटीएफ इस पर विचार करने जा रहा है कि पाकिस्तान ने अपने यहां के आतंकी ढांचे पर लगाम लगाने के लिए उचित कदम उठाए या नहीं? चूंकि पाकिस्तान पर यह खतरा मंडरा रहा है कि एफएटीएफ की ओर से उसे काली सूची में डाला जा सकता है इसलिए हैरानी नहीं कि विश्व समुदाय के साथ इस संगठन को झांसा देने के इरादे से ही हाफिज सईद को आनन-फानन सजा सुना दी गई हो। पाकिस्तान के इरादों को लेकर संदेह उभरने का दूसरा बड़ा कारण यह है कि हाफिज सईद के खिलाफ मुंबई के आतंकी हमले के मामले में कहीं कोई कार्रवाई होती नहीं दिखती। इसी तरह पठानकोट एयरबेस पर हुए आतंकी हमले के मामले में भी पाकिस्तान कुछ करता हुआ नहीं दिख रहा है। आखिर इस नतीजे पर न पहुंचा जाए तो क्या किया जाए कि पाकिस्तान आतंकवाद से निपटने का दिखावा मात्र कर रहा है? भारत ने आतंकवाद पर लगाम लगाने के मामले में पाकिस्तान की खोखली प्रतिबद्धता को रेखांकित कर सही किया, लेकिन उसे केवल इतने तक ही सीमित नहीं रहना चाहिए।



अशोक भाटिया

भारत को इसे लेकर सतर्क रहना होगा कि पाकिस्तान एफएटीएफ को चकमा देने में समर्थ न हो जाए। इसकी आशंका इसलिए है, क्योंकि इस संगठन के कुछ देश इसके लिए सक्रिय हैं कि पाकिस्तान काली सूची में न आने पाए। भारत इसकी भी अनदेखी नहीं कर सकता कि अमेरिका ने हाफिज सईद की सजा का स्वागत किया है।भले ही अमेरिका को यह दिख रहा हो कि पाकिस्तान अपने यहां के आतंकी ढांचे को खत्म करने को लेकर गंभीर है, लेकिन सच यही है कि वह इसका ढोंग करने में लगा हुआ है। पाकिस्तान न केवल लश्कर, जैश सरीखे आंतकी संगठनों को पाल-पोस रहा है, बल्कि तालिबान और हक्कानी नेटवर्क सरीखे उन आतंकी गुटों को भी पनाह दे रहा है जो अफगानिस्तान के लिए खतरा बने हुए हैं। यदि अफगानिस्तान से अपनी सेनाओं को निकालने की जल्दबाजी में अमेरिका इस तथ्य की अनदेखी करने को तैयार है तो इसका मतलब है कि वह सच्चाई से मुंह मोड़ रहा है। जो भी हो, विश्व समुदाय को इस पर गौर करना चाहिए कि पाकिस्तान की जो न्यायपालिका हाफिज सईद के हाल के मामलों को लेकर सक्रियता दिखा सकती है वह 12 साल पुराने मुंबई हमले के मामले में कुंडली मारे क्यों बैठी है?

# ब्राइट आउटडोर के योगेश लखानी ने कमलेश शाह और भावेश शाह के साथ ट्रैवल बैग की नई रेंज लॉन्च की

**हाल** ही में, हमने 2Strap ब्रांड का अधिग्रहण किया है। ब्रांड 2Strap का हमारा मकसद नए फैशन और सस्ती कीमतों वाले उत्पाद देना है। ब्रांड का स्लोगन जीवन की यात्रा से जुड़ता है, जहां हम में से प्रत्येक एक यात्री है और यात्रा करते समय हम आवश्यक चीजों को रखते हैं। यात्रा का अलग अलग उम्र में अलग अलग अर्थ होता है। एक बच्चे के रूप में, हम एक बैग में पुस्तकों का भार लेकर स्कूल की यात्रा करते हैं। कॉलेज में, हम न केवल किताबें बल्कि फैशन और पर्सनालिटी भी ले जाते हैं। काम के दौरान, हम अपने आवश्यक सामान को यात्रा में ले जाते हैं जो बहुत अनुभव के साथ आता है और हम 2Strap के साथ उस यात्रा का हिस्सा बनना चाहते हैं। हमें हाल ही में जर्मनी के ब्रांड 'एयरलाइन' का पेटेंट लाइसेंस मिला है। यह जर्मन ब्रांड 1948 से फैशन डिजाइन और नए अविष्कार के लिए जाना जाता है। जर्मनी के प्रोडक्ट अपने परफेक्शन के लिए जाने जाते है। ऐसा कहना है कमलेश शाह का। ट्रैवलर्स फैशन प्राइवेट लिमिटेड का नेतृत्व कमलेश शाह कर रहे हैं जो कंपनी के प्रबंध निदेशक हैं और कंपनी के सीईओ पियूष पुष्कर अपने वेंचर को न केवल लाभदायक बनाने के लिए तैयार हैं, बल्कि अर्थव्यवस्था में योगदान देने का इरादा भी रखते हैं। ब्राइट आउटडोर प्राइवेट लिमिटेड के डॉ योगेश लखानी और मातोश्री जयाबेन हिम्मतलाल शाह चैरिटेबल ट्रस्ट के भावेश शाह इस कंपनी में निदेशक हैं। जैसे जैसे ट्रैवलर्स फैशन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी बढ़ेगी, यह कार्यालय, गोदाम, रिटेल स्पेस आदि खोले गी और यह भारत की बहुत सारी युवा प्रतिभाओं को अवसर देगी।



# गुजरात के सूरत में पहली बार रोबोट से होगी सीवर की सफाई

## इस काम में 5 साल में लगभग 20 लोगों की जान गई

**सूरत** राज्य की ऐसी पहली महानगर पंचाचत बन गई है जो रोबोट से सीवर की सफाई कराएगी। इसके लिए मनपा ने केरल से 40 लाख रुपए खर्च कर बैंडिकूट रोबोटिक मशीन मंगाई है। इससे अब सीवर की सफाई करते समय सफाईकर्मियों की जान नहीं जाएगी। पिछले तीन वर्षों में 5 और पांच वर्षों में 20 लोग सीवर की सफाई करते समय जान गंवा चुके हैं।



चार महीने पहले रोबोटिक मशीन के प्रस्ताव पर चर्चा होने के बाद अधिकारियों की एक टीम ने इस मशीन का ट्रायल देखा था। उसके बाद इसे खरीदने का निर्णय लिया गया। सफाई कर्मचारी यूनियन से किरीट वाघेला ने बताया कि पिछले पांच साल में 20 से ज्यादा सफाई कर्मचारी कार्य करते समय मारे गए। इनमें से अधिकांश की जान सीवर की जहरीली गैस ने ले ली।

# मोदी बोले- देश शहीदों का बलिदान कभी नहीं भूलेगा राहुल गांधी ने पूछा : हमले से किसे फायदा मिला?

**पुलवामा** हमले की पहली बरसी के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज शहीदों को नमन किया। उन्होंने ट्वीट किया, पिछले साल पुलवामा हमले में शहीद हुए बहादुर जवानों को मेरी श्रद्धांजलि। वे असाधारण व्यक्ति थे, जिन्होंने हमारे राष्ट्र की सेवा और रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। भारत उनकी कुबार्नी को कभी नहीं भूलेगा। वहीं, राहुल गांधी ने भी शहीद सीआरपीएफ के जवानों को याद किया और इसके बाद सरकार की प्रगति को लेकर सवाल उठाए।

राहुल ने हमले को लेकर तीन सवाल पूछे। पहला, इस हमले से सबसे ज्यादा किसे फायदा मिला? दूसरा, हमले के बाद हुई जांच का परिणाम क्या निकला और तीसरा, भाजपा सरकार ने इस हमले को लेकर हुई चूक के लिए किसे जिम्मेदार ठहराई है? वहीं, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी ट्वीट कर शहीदों को याद किया और कहा कि भारत उनके बलिदान को कभी नहीं भूलेगा। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी पुलवामा घटना की बरसी पर ट्वीट किया, पुलवामा में आतंकवादी हमले में आज ही के दिन शहीद हुए जवानों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि।



श्रीनगर में सीआरपीएफ के लेथपोरा कैंप में शहीद 40 जवानों को स्मारक पर श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर महाराष्ट्र के उमेश गोपीनाथ जाधव मुख्य अतिथि थे। जाधव पुलवामा हमले में शहीद सभी 40 जवानों के घर गए थे। साथ ही जाधव जवानों के अंतिम संस्कार स्थल की मिट्टी को इकट्ठा करके लाए थे। इसके लिए उन्होंने देश भर में 61 हजार किमी की यात्रा की। इस मौके पर सीआरपीएफ के महानिदेशक जुल्फिकार हसन ने कहा, एनआईए ने इस संबंध में जांच पूरी कर चुकी है। हमने इस दिशा में काफी प्रगति की है। हम शहीदों के परिवारों का ध्यान रखने की बेहतर कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, पुलवामा हमले के साजिशकर्ता को हमले के कुछ महीने बाद ही मार गिराया गया था। जिन लोगों ने हमले को अंजाम दिया था, उसका हिसाब चुकता किया जा चुका है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी ट्वीट किया, पिछले वर्ष जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकी हमले में शहीद होने वाले हमारे सीआरपीएफ के जवानों को नमन करता हूं। देश हमारे वीर जवानों की शहादत सदैव स्मरण रखेगा।

हम सभी एकजुट होकर आतंकवाद को मूल से समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कांग्रेस प्रवक्ता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने ट्वीट किया, 'जो शहीद हुए है उनकी, जरा याद करो कुर्बानी' पुलवामा में हुए आतंकी हमले में देश के लिए जान न्यौछावर करने वाले अमर शहीदों को शत शत नमन। स्मृति ईरानी ने ट्वीट किया, जम्मू कश्मीर के पुलवामा में आतंकी हमले में वीर गति को प्राप्त करने वाले माँ भारती के वीर सपूतों को शत शत नमन एवं विनम्र श्रद्धांजलि।

## हमले के बाद भारत ने बालाकोट स्ट्राइक में 200-300 आतंकी मार गिराए थे

पुलवामा हमले की आज पहली बरसी है। 14 फरवरी 2019 को जम्मू-श्रीनगर हाईवे पर हुए हमले में 40 सीआरपीएफ जवानों की जान गई थी। जांच में यह सामने आया था कि इस हमले के तार पाकिस्तान से जुड़े थे। इसके बाद 26 फरवरी 2019 को भारतीय वायु सेना के बारह मिराज 2000 जेट्स ने नियंत्रण रेखा पार की और बालाकोट में जैश-ए-मोहम्मद संचालित आतंकवादी शिविर पर हमला किया। सरकार के मुताबिक, इसमें 200-300 आतंकवादी मारे गए।

# सारा अब्दुल्ला बोलीं : कश्मीरियों को भी बाकी भारतीयों की तरह अधिकार मिलें, सुप्रीम कोर्ट ने 2 मार्च तक जम्मू-कश्मीर प्रशासन से जवाब मांगा

- **सारा अब्दुल्ला ने 10 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर पीएसए के तहत उमर की हिरासत को चुनौती दी**
- **याचिका में कहा- यह अभिव्यक्ति के अधिकार का हनन, सरकार की तरफ से विरोधियों की आवाज दबाने की कोशिश**

**सुप्रीम कोर्ट** में शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की हिरासत के खिलाफ उनकी बहन सारा पायलट की याचिका पर सुनवाई हुई। याचिका पर अदालत ने जम्मू-कश्मीर प्रशासन को नोटिस जारी कर 2 मार्च तक जवाब मांगा है। सुनवाई के बाद सारा ने कहा, ह्ययह बंदी प्रत्यक्षीकरण का मामला है, इसलिए उम्मीद है कि हमें जल्द राहत मिलेगी। हमें न्याय व्यवस्था पर पूरा भरोसा है। हम यहां पहुंचे, क्योंकि हम चाहते हैं कि कश्मीरियों को भी बाकी भारतीय नागरिकों की तरह ही अधिकार मिलें। हम उसी दिन का इंतजार कर रहे हैं। सारा ने 10 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर पब्लिक सेफ्टी एक्ट 1978 के तहत उमर की हिरासत को चुनौती दी थी। अपनी याचिका में उन्होंने कहा था- उमर की हिरासत उनकी अभिव्यक्ति के अधिकार का हनन है। यह सरकार की तरफ से अपने विरोधियों की आवाज दबाने की कोशिश है। जम्मू कश्मीर के दो बड़े नेता उमर अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती पर 6 फरवरी को पीएसए के तहत केस दर्ज किया गया था। दोनों की हिरासत की अवधि इसी दिन खत्म हो रही थी। इन दोनों को अगस्त, 2019 से सरकारी गेस्ट हाउस में नजरबंदी में रखा गया है। पुलिस ने डॉजियर में लिखा कि उमर अब्दुल्ला का जनता पर खासा प्रभाव है, वे किसी भी कारण के लिए जनता की ऊर्जा का इस्तेमाल कर सकते हैं। पुलिस ने कहा- महबूबा ने राष्ट्रविरोधी बयान दिए और वे अलगववादियों की समर्थक हैं। पीएसए के तहत सरकार किसी भी व्यक्ति को भड़काऊ या राज्य के लिए नुकसानदेह मानकर हिरासत में ले सकती है। यह कानून आदेश देने वाले अफसर के अधिकार क्षेत्र की सीमा के बाहर व्यक्तियों को हिरासत में लेने की अनुमति देता है। कानून के सेक्शन 13 के मुताबिक, हिरासत में लेने का आदेश केवल कमिश्नर या डीएम जारी कर सकता है।



# केजरीवाल ने शपथ ग्रहण समारोह के लिए प्रधानमंत्री को न्योता दिया, चुनावी जीत के बाद पीएम ने दी बधाई

**आम** आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल 16 फरवरी को लगातार तीसरी बार दिल्ली के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ग्रहण करेंगे। उन्होंने रामलीला मैदान में होने वाले शपथग्रहण समारोह के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को न्योता दिया है। इससे पहले आप नेता गोपाल राय ने न्यूज एजेंसी से बातचीत में कहा था कि समारोह में शामिल होने के लिए किसी अन्य राज्य के मुख्यमंत्री या नेता को न्योता नहीं भेजा जाएगा। यह सिर्फ दिल्ली वालों के लिए होगा।

**आप नेता गोपाल राय ने कहा था- किसी अन्य राज्य के मुख्यमंत्री को शपथग्रहण के लिए न्योता नहीं देंगे। 11 फरवरी को घोषित हुए चुनाव नतीजों में आम आदमी पार्टी ने 70 में से 62 सीटें जीती थीं**

11 फरवरी को आए चुनाव नतीजों में आप ने 70 में 62 सीटों पर जीतकर पूर्ण बहुमत हासिल किया था। 8 सीटों पर भाजपा को विजय मिली। कांग्रेस लगातार दूसरे विधानसभा चुनाव में खाता तक नहीं खोल सकी। गोपाल राय आप की दिल्ली इकाई के प्रभारी हैं। वह केजरीवाल सरकार में कैबिनेट मंत्री भी रह चुके हैं। मनीष सिसोदिया के बाद उन्हें पार्टी में तीसरे नंबर का नेता माना जाता है।



## दिल्ली चुनाव में जीत पर पीएम मोदी ने केजरीवाल को बधाई दी थी

चुनाव नतीजे के बाद भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने हार स्वीकार करते हुए कहा था कि हम सकारात्मक विपक्ष की भूमिका निभाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अरविंद केजरीवाल को जीत की बधाई दी और कहा कि वे दिल्ली वालों की उम्मीदों को पूरा करें। कांग्रेस का फिर खाता नहीं खुला। 7 साल से सत्ता से दूर पार्टी फिर शून्य पर अटक गई। राहुल गांधी ने केजरीवाल को जीत की बधाई दी।

# अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प को झोपड़पट्टी न दिखे, इसके लिए बनाई जा रही 600 मीटर लंबी दीवार

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प 24-25 फरवरी को भारत यात्रा पर आ रहे हैं। वे यहां 'केम छो ट्रम्प' कार्यक्रम में शामिल होंगे। ट्रम्प के दौरे को लेकर अहमदाबाद एयरपोर्ट से इंदिरा ब्रिज की ओर रोड पर स्थित झोपड़पट्टी को ढका जा रहा है। मनपा ने यहां 600 मीटर लंबी दीवार बनाने का काम शुरू कर दिया है। ट्रम्प गांधी आश्रम से वापस एयरपोर्ट सर्कल, इंदिरा ब्रिज होकर मोटेरा स्टेडियम जाएंगे। स्टेडियम जाने वाले रोड पर झोपड़पट्टी न दिखाई दे, इसलिए दीवार बनाने का काम शुरू किए जाने की बात मनपा अधिकारियों ने मानी है। स्टैंडिंग कमेटी की बैठक में अमेरिकी प्रमुख के दौरे के लिए रोड, लाइटिंग, गार्डनिंग सहित अन्य काम के लिए होने वाले खर्च के लिए टेंडर मंगाए बगैर ही काम करने के लिए मंजूरी दी गई है। ट्रम्प के



अहमदाबाद आने से पहले सरदार पटेल मोटेरा क्रिकेट स्टेडियम की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। 300 पुलिस जवान और अधिकारियों के साथ सुरक्षा के लिए एनएसजी और एसपीजी भी तैनात रहेगी।

अगले कुछ दिनों में यूएस सीक्रेट सर्विस के अधिकारियों के भी अहमदाबाद पहुंचने के आसार हैं। दिल्ली से मोदी और ट्रम्प अहमदाबाद आएंगे। दोनों नेता एयरपोर्ट से हेलिकॉप्टर के जरिए मोटेरा स्टेडियम पहुंचेंगे। कार्यक्रम के बाद ट्रम्प हेलिकॉप्टर से सीधे एयरपोर्ट जाएंगे। संभवतः यहीं से वे अमेरिका के लिए रवाना होंगे। ह्यकेम छो ट्रम्प के अलावा ट्रम्प के साबरमती आश्रम जाने की भी संभावना है। वे सड़क मार्ग से आश्रम जा सकते हैं। चीनी राष्ट्रपति शी 2014 में अहमदाबाद आए थे।

## वन सम्पदा को बचाने का संदेश लेकर दम्पति ने 25000 कि.मी. की यात्रा की

अहमदाबाद. वडोदरा के एक दम्पति का साहस देखकर आज के युवा भी शरमा सकते हैं। रोज मंदिर जाने की उम्र में 73 साल के ये दम्पति वन सम्पदा के संरक्षण के लिए युवाओं को संदेश देना चाहते हैं। अब तक उन्होंने बाइक से 25000 कि.मी. का सफर तय किया है। आश्चर्य इस बात का है कि पत्नी का एक पांव टूट जाने के कारण अपनी बुलेट में साइड कार लगाकर पति ने उसके साथ पूरे देश का भ्रमण किया है।



दैनिक
मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# राम जन्मभूमि न्यास के मॉडल पर बने राम मंदिरः वासुदेवानंद

**वाराणसी।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ ट्रस्ट के सदस्य स्वामी वासुदेवानंद ने गुरुवार को वाराणसी में कहा कि विश्व हिन्दू परिषद (वीएचपी) तथा राम जन्मभूमि न्यास के मॉडल पर ही आयोध्या में राम मंदिर का निर्माण होना चाहिए। उन्होंने साथ ही यह भी कहा कि किस मॉडल पर मंदिर का निर्माण होगा, यह ट्रस्ट तय करेगा। ट्रस्ट का निर्णय सर्वमान्य होगा।

स्वामी वासुदेवानंद गुरुवार दोपहर वाराणसी स्थित अपने आश्रम पहुंचे। गंगा महासभा के कार्यालय में मीडिया से मुखातिब स्वामी वासुदेवानंद ने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि रामनवमी से मंदिर निर्माण आरंभ होने की पूरी उम्मीद है। इस बारे में जल्द



ही ट्रस्ट की बैठक में निर्णय होगा।

राम मंदिर के मॉडल के सवाल पर स्वामी वासुदेवानंद ने कहा, 'देशभर में भ्रमण के दौरान वीएचपी और जन्मभूमि न्यास के मॉडल पर जनता ने विश्वास और श्रद्धा करके सवा-सवा रुपया दिया था। यह मॉडल भारतीय परंपरा और शिल्पकला का प्रतीक है। इस कारण मेरा मानना है कि इसी मॉडल से मंदिर बनना चाहिए। रामजन्मभूमि न्यास को मिली जो धनराशि खाते में जमा है, उसका भी मंदिर निर्माण में उपयोग किया जाएगा।'

शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरसवती द्वारा ट्रस्ट के गठन को लेकर उठाए जा रहे सवालों पर उनहोंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर सरकार ने ट्रस्ट बनाया है। उसके अनुरूप ही कार्य भी हो रहा है। रामालय ट्रस्ट नाम की कोई चीज नहीं है। पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह और पूर्व मंत्री उमा भारती द्वारा ट्रस्ट में पिछड़ी जाति को शामिल करने पर प्रश्न पर स्वामी वासुदेवानंद ने कहा कि देश में 1.30 करोड़ लोग हैं। सभी मांग करते रहे तो काम कैसे चलेगा। ट्रस्ट में शामिल होने के बजाए सभी को अपना सहयोग देना चाहिए।

अयोध्या के विवादित ढांचे के मलबे के विवाद पर उन्होंने कहा कि वह प्राचीन मंदिर का हिस्सा था और 1992 में खत्म हो चुका है। अब मुस्लिम पक्षकार उसे ढूंढते रहें। गंगा की स्वच्छता पर कहा कि जितनी स्वच्छ होनी चाहिए उतनी नहीं हुई है। हालांकि सरकार पूरा प्रयास कर रही है। सरकार के साथ लोगों को भी प्रयास करना चाहिए।

# सीएएः कांग्रेस की शिकायत पर यूपी सरकार को मानवाधिकार आयोग की नोटिस

**लखनऊ।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी तथा अन्य कांग्रेसी नेताओं की शिकायत पर नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के खिलाफ आंदोलन के दौरान पुलिस की कार्रवाई और कथित उत्पीड़न पर उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने नोटिस भेजा है।

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को तलब करते हुए 6 सप्ताह के भीतर जवाब मांगा है। मानवाधिकार आयोग ने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी को पत्र भेजकर अवगत कराया है कि उनकी शिकायत पर कार्यवाही हो रही है।



गौरतलब है कि सीएए/एनआरसी के खिलाफ चल रहे आंदोलनों पर उत्तर प्रदेश की पुलिस ने कार्रवाई की थी। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने आंदोलनकारियों से जाकर मुलाकात की और पुलिस के कार्रवाई की कहानी सुनी। इसके बाद महासचिव प्रियंका गांधी और राहुल गांधी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने 27 जनवरी को मानवाधिकार आयोग से मिलकर शिकायत दर्ज करवाई।

उत्तर प्रदेश कांग्रेस समिति के अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने बताया, 'पिछले दिनों आजमगढ़ के बिलरियागंज में शांतिपूर्ण तरीके से चल रहे आंदोलन का पुलिस ने बर्बर तरीके से दमन किया। 12 फरवरी को महासचिव प्रियंका गांधी आजमगढ़ पहुंचकर पीड़ितों से मुलाकात करेंगी।'

# लखनऊ कचहरी में वकील पर बम से हमलाः बार असोसिएशन महामंत्री समेत 17 पर मुकदमा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के सिविल अदालत परिसर में गुरुवार दिनदहाड़े अज्ञात हमलावरों द्वारा वकील पर बम से हमला किए जाने के मामले में बार असोसिएशन महामंत्री समेत 17 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। बता दें कि कुछ लोगों ने लखनऊ बार असोसिएशन के संयुक्त सचिव संजीव लोधी पर सिविल कोर्ट परिसर में बमों से हमला किया और उनमें से एक बम फटा जबकि बाकी दो में धमाका नहीं हुआ। इस घटना में लोधी समेत तीन अधिवक्ताओं को चोटें आई हैं।

प्रदेश के अदालत परिसरों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़ी करती इस एक और वारदात के मामले में लखनऊ बार असोसिएशन के महामंत्री जीतू यादव समेत सात नामजद तथा 10 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। हालांकि अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। लोधी ने बताया कि उन्होंने कुछ न्यायिक अधिकारियों की उच्चाधिकारियों से शिकायत की थी। इसे लेकर लखनऊ बार असोसिएशन के महामंत्री जीतू यादव, सुधीर यादव और अन्नू यादव उन्हें शिकायत वापस लेने की धमकी दे रहे थे। ये लोग उन न्यायिक अधिकारियों के करीबी हैं। लोधी का आरोप है कि गुरुवार को एजाज और आजम तथा करीब 10 अन्य लोग आए और उन पर सुतली बम से हमला कर दिया। उनमें से एक बम फटा, बाकी दो में धमाका नहीं हो पाया।

## घर में मां-बाप संग मिले 2 बच्चों के शव, मचा हड़कंप

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश में वाराणसी के आदमपुर इलाके में शुक्रवार सुबह चार लोगों के शव मिलने से हड़कंप मच गया। एक कमरे में दो बच्चों का शव मिला, वहीं दूसरे कमरे में दंपती फांसी पर झूलते मिले। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच रहे हैं। अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि इन लोगों की हत्या हुई है या फिर उन्होंने खुदकुशी की।

# यूपीः महिला का अपहरण कर गैंगरेप, तीन साल में तीन बार बेचा




**फिरोजाबाद।** राजस्थान की धौलपुर में पुलिस ने तीन साल पुराने अपहरण के एक सनसनीखेज मामले का खुलासा किया है। पुलिस ने बताया कि तीन साल पहले यूपी के फिरोजाबाद की रहने वाली एक महिला का अपहरण किया गया था। इस दौरान अलग-अलग लोगों ने उसे तीन साल में तीन बार बेचा और उसके साथ गैंगरेप किया। महिला के दो बच्चे हैं।

पुलिस के मुताबिक, फिरोजाबाद की महिला की शादी आगरा में हुई थी। तीन साल पहले जब वह अपने पिता के घर गई थी, तभी एक महिला ने उसका अपहरण कर लिया था। मंगलवार रात महिला किसी तरह अपराधियों से नजरें बचाकर अपने पिता को फोन करने में कामयाब रही। उसने पिता को अपनी लोकेशन बताई, जिसके बाद महिला के पिता ने कंचनपुर पुलिस से संपर्क किया और उनसे मदद मांगी।

महिला के रिश्तेदारों की सूचना के आधार पर पुलिस ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया और महिला को अपराधियों के चंगुल से बाहर निकालने में कामयाब रही। कंचनपुर के एसएचओ बालकृष्ण ने बुधवार को बताया कि महिला और उसके सात महीने के बच्चे को सफलतापूर्वक बचा लिया गया है। पुलिस ने महिला से पूछताछ में पाया कि तीन साल में उसके साथ कई बार गैंगरेप किया गया और उसे तीन बार बेचा गया। इस दौरान उसे दो बच्चे भी हुए। महिला की लिखित शिकायत के आधार पर ओमवती, भोलाराम, देवी सिंह, पप्पू सिंह गुज्जर, प्रेम सिंह, रामदीन, भूपिंदर, रामनाथ और दीना के खिलाफ मानव तस्करी, गैंगरेप, अपरहरण और गलत तरीके से कैद करने के मामले में शिकायत दर्ज किया गया है।

# भजनपुरा हत्याकांडः बेइज्जती का बदला लेने को 8 घंटे में किया पूरे परिवार को खत्म

**नई दिल्ली।** भजनपुरा के 'सी' ब्लॉक की गली नंबर 10 में परिवार के 5 लोगों की हत्या का आरोपी रिश्तेदार निकला और उसने मामूली विवाद में दिल दहलाने वाली घटना को अंजाम दिया। शंभूनाथ के बुआ के लड़के प्रभु चौधरी ने 30 हजार रुपये उधार लिए थे। काफी समय से वह पैसे लौटा नहीं रहा था। एक दिन शंभूनाथ की पत्नी ने उसे खरी-खोटी सुना दी। इससे गुस्साए प्रभु ने 3 फरवरी की दोपहर 3:30 बजे से रात 11 बजे तक पूरी फैमिली को खत्म कर दिया। टेक्निकल सर्विलांस, फुटेज और छानबीन के बाद पुलिस आरोपी प्रभु चौधरी (28) तक पहुंची। कई दौर की पूछताछ के बाद वह टूट गया और उसने जुर्म कबूल लिया। दिल्ली पुलिस ने भजनपुरा के एक मकान में गुरुवार को सामने आए हत्याकांड का खुलासा करते हुए यह दावा किया है।

जॉइंट सीपी (क्राइम) आलोक कुमार ने बताया कि भजनपुरा में रहने वाले शंभूनाथ चौधरी (43), उनकी पत्नी, दो बेटे और एक बेटी की हत्या की खबर गुरुवार दोपहर को मिली थी। घर के हालात देखने के बाद हत्याकांड लग रहा था। इसलिए तत्काल कई थानों की पुलिस और स्पेशल स्टाफ को एक्टिव कर दिया गया। बच्चों के स्कूल जाकर पता किया तो तीनों आखिरी बार 3 फरवरी को गए थे। इससे हत्या इसी दिन होने की आशंका लग रही थी। जांच टीमों ने इस दिन से अपनी तफ्तीश की शुरूआत की। छानबीन करने के बाद प्रभु का नाम सामने आया। उससे पूछताछ की गई तो वह इधर-उधर की बातें करने लगा। जब उसके सामने टेक्निकल सर्विलांस और सीसीटीवी फुटेज से मिले क्लू रखे गए, तो वह टूट गया।

उसने बताया कि 3 फरवरी दोपहर 3:30 बजे उसने शंभू को कॉल कर पैसों की बातचीत करने के लिए लक्ष्मी नगर बुलाया। खुद भजनपुरा स्थित शंभू के घर पहुंच गया। वहां उसकी सुनीता से कहा-सुनी हो हुई। इसी गुस्से में प्रभु ने उनका गला घोंट दिया। बेहोश होने पर फिर सिर पर हमला कर मौत के घाट उतार दिया। प्रभु ने सुनीता की बॉडी को कमरे में छिपा दिया। इसके बाद बाहर से बेटी कोमल (12) आई तो उसकी हत्या की। थोड़ी देर में बेटा शिवम (17) आया तो उसे भी मौत के घाट उतार दिया। करीब एक घंटे बाद सचिन (14) आया तो उसका भी मर्डर कर दिया। प्रभु ने शाम 7:30 बजे शंभू को कॉल कर गामड़ी इलाके में बुलाया और उसके साथ शराब पी। रात करीब 11 बजे भजनपुरा स्थित उसके घर आया और उसकी भी हत्या कर दी। फिर बाहर से ताला लगाकर फरार हो गया।

दैनिक
मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# भारत की सबसे ऐतिहासिक इमारत की कहानी, साधु के शाप से मुक्ति के लिए जिंदा दफन हुआ एक व्यक्ति

**जोधपुर के मेहरानगढ़ किले का इतिहास और शाप से मुक्ति कहानी**

राजस्थान में कई ऐतिहासिक इमारतें मौजूद हैं। लेकिन जोधपुर का मेहरानगढ़ किला सबसे खास है। 400 फीट की ऊंची बिल्कुल सीधी खड़ी चट्टान पर स्थित यह किला भारत के सबसे भव्य और विशाल इमारतों में से एक है। किले से जोधपुर का बेहतरीन नजारा और पाकिस्तान एकदम साफ दिखता है। इस किले को मिला हुआ शाप आज तक इसके आसपास रहने वाले लोगों को सताता है।

**सन 1459 में शुरू हुआ था निर्माण**

इस किले का इतिहास 500 साल पुराना है। जोधपुर के शासक राव जोधा ने 1459 में इस किले का निर्माण शुरू करवाया था और महाराज जसवंत सिंह (1638-78) ने इसे पूरा किया।

**किले से दिखता है पाकिस्तान**


मेहरानगढ़ किला की दीवारें 10 किलोमीटर तक फैली है। इनकी ऊंचाई 20 फीट से 120 फीट तक है। वहीं दिवार की चौड़ाई 12 फीट से 70 फीट तक है। यहां से जोधपुर के साथ ही पाकिस्तान भी साफ नजर आता है।

**बकरी को बाघ से लड़ते हुए राजा ने देखा**

किले के निर्माण के लिए जब राव जोधा जगह का निरीक्षण करने पहुंचे थे, तब वहां उन्होंने एक बकरी को बाघ से लड़ते हुए देखा। तभी उन्होंने किला उसी स्थान पर बनाने का फैसला किया।

**साधु ने दिया था शाप**

जब किले के निर्माण से पहले यहां एक साधु रहते थे। वह एक पानी के सोते के पास रहते थे। जब राजा ने उन्हें जाने के लिए कहा, तब शाप देते हुए साधु कहा कि जिस पानी के लिए तुम मुझे हटा रहे हो वह सूख जाएगा। तब से किले के आसपास के इलाके में पानी की लगातार कमी बनी रही थी।



**जिंदा दफन होकर देनी पड़ी बलि**

राजा के माफी मांगने पर साधु ने एक उपाय बताया। उन्होंने कहा कि शाप को खत्म करने के लिए राज्य के किसी व्यक्ति को अपनी इच्छा से किले के नीचे जिंदा दफन होकर अपने जीवन की बलि देनी पड़ेगी।

**मेघवाल समाज के युवक ने दी बलि**

जब राजा किसी को ढूंढने में विफल रहे, तब राजाराम मेघवाल नाम के एक व्यक्ति अपने प्राणों की आहुति देने के लिए आगे आए। तब राजाराम मेघवाल को एक शुभ दिन और एक शुभ स्थान पर जिंदा दफनाया गया ताकि मेहरानगढ़ किले की नींव रखी जा सके।

**किले में है राजाराम का स्मारक**

राजाराम मेघवाल के बलिदान को श्रद्धांजलि देने के लिए किले में उनकी कब्र के ऊपर बलुआ पत्थर का स्मारक बनाया गया। इस स्मारक में राजाराम का नाम, उनके बलीदान की तारीख और अन्य जानकारियां एक पत्थर पर लिखी गई हैं, ताकि आने वाले समय में उनके बारे में बताया जा सके।

**किले में हैं सात दरवाजे**

किले में सात दरवाजे हैं, जिन्हें पोल भी कहा जाता है। इनमें से एक जय पोल का निर्माण महाराजा मान सिंह ने 1806 में जयपुर और बीकानेर पर युद्ध में मिली जीत की खुशी में किया था।

**मौजूद हैं जौहर के निशान**

वहीं किले का अंतिम द्वार लोह पोल के बाईं ओर जौहर करने वाली रानियों के हाथों के निशान हैं। यहां 15 से ज्यादा रानियों की हाथों के निशान हैं, जिन्होंने 1843 में अपने पति महाराजा मान सिंह की मौत के बाद जौहर ले लिया था। किंवदंतियों की मानें तो, इस घटना से पहले भी 1731 में महाराजा अजीत सिंह की छह रानियों और 58 पटरानियों ने राजा के निधन के बाद जौहर कर लिया था।

**किले का एक हिस्सा बना संग्रहालय**

किले के एक हिस्से को संग्रहालय में बदल दिया गया है, जहां शाही पालकियों का एक बड़ा संग्रह है संग्रहालय में 14 कमरे हैं जिनमें शाही हथियारों, गहनों और वेशभूषाओं को रखा गया है। साथ ही सैलानी यहां के मोती महल, फूल महल, शीशा महल, और झाँकी महल जैसे चार कमरे को भी देख सकते हैं।

## मुंबई हलचल राशिफल

आचार्य परमानंद शास्त्री

**मेष**
अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करें। लेटलतीफी कार्यालय में भारी पड़ सकती है। किसी से पैसों के लेनदेन में सावधानी बरतें।

**सिंह**
नौकरी में पदोन्नति के साथ स्थानांतर के योग बन रहे हैं। नए दायित्व को लेकर खुशी मिल सकती है। कोई पुरानी बीमारी अचानक उभर सकती है।

**धनु**
कार्यालय में कुछ परेशानी आ सकती है। आपकी लापरवाही से अधिकारी के आक्रोश का शिकार हो सकते हैं। अपने दायित्व को ठीक तरह से निभाएं।

**वृष**
मौसम की प्रतिकूलता स्वास्थ्य पर असर डाल सकती है इसलिये सचेत रहें। व्यापार में नुकसान उठाना पड़ सकता है। धार्मिक आयोजनों में सक्रियता से हिस्सा लेंगे।

**कन्या**
कहीं से नौकरी को लेकर आकर्षक प्रस्ताव सामने आ सकता है लेकिन अपने विवेक से सोच समझकर ही निर्णय लें। व्यापार में लाभ के अवसर मिल रहे हैं।

**मकर**
आपका मनमाना रवैया दूसरों को परेशानी में डाल सकता है। काम में लापरवाही भारी पड़ सकती है। मौसम का परिवर्तन स्वास्थ्य पर असर डाल सकता है।

**मिथुन**
कोई आपको बरगलाने का प्रयास कर सकता है इसलिये सावधान रहें। आर्थिक मसलों को पारदर्शिता से निपटाएं। व्यापार में लाभ की संभावना है।

**तुला**
मेहमानों के आगमन से घर में खुशी का माहौल रहेगा। कोई अपना ही आपको भ्रमित कर सकता है इसलिये सतर्क रहें। बुजुर्गों के मार्गदर्शन को महत्व दें।

**कुंभ**
परिवार के लोगों के साथ धार्मिक यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। यात्रा के दौरान चोरी, दुर्घटना का भय भी है। बच्चों के शैक्षणिक भविष्य की चिंता परेशान कर सकती है।

**कर्क**
कोई अनचाहा कार्य आपको परेशानी में डाल सकता है। अपने कार्य के प्रति लापरवाही ठीक नहीं है। स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लेंगे।

**वृश्चिक**
अविवाहितों को विवाह के मौके मिल सकते हैं। परिवार में खुशी का क्षण उपस्थित हो सकता है। मौसमी बीमारियों से कुछ परेशानी हो सकती है।

**मीन**
दिन शुभ रहेगा। आपकी सक्रियता और कार्यशैली लोगों के बीच चर्चा का विषय बन सकती है। अभी कहीं यात्रा का कार्यक्रम बनाने से बचें क्योंकि समय अनुकूल नहीं है।

# मुंबई के रानीबाग उद्यान में अब सैलानियों को दिखेगा बाघ

पिछले तेरह साल से मुंबई के भायखला स्थित रानीबाग जू में बाघ नहीं थे। अब जल्द ही मुंबई में रहने वाले लोगों और यहां आने वाले पर्यटकों को बाघ में देखने को मिलेगा। गुरुवार को चिड़ियाघर में एक जोड़ी बाघ को औरंगाबाद से लाया गया।

मुंबई में रहने वाले लोगों के लिए एक अच्छी खबर है। पिछले तेरह साल से मुंबई के भायखला स्थित वीरमाता जीजाबाई भोसले प्राणी संग्रहालय (रानीबाग जू) में बाघ नहीं थे। अब जल्द ही मुंबई में रहने वाले लोगों और यहां आने वाले पर्यटकों को बाघ में देखने को मिलेगा। गुरुवार को चिड़ियाघर में औरंगाबाद से एक जोड़ी बाघ लाया गया। इसमें एक नर और एक मादा शामिल है। चिड़ियाघर से मिली जानकारी के अनुसार, एक महीने के लिए इन्हें लोगों से दूर रखा जाएगा। जबकि उसके बाद कोई भी चिड़ियाघर में आकर इन्हें देख सकेगा।



एक अधिकारी ने बताया कि चिड़ियाघरों के बीच चलने वाले आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत औरंगाबाद के सिद्धार्थ गार्डन चिड़ियाघर से दो बाघ हमें मिले हैं। बाघ के इस जोड़े के बदले सिद्धार्थ गार्डन चिड़ियाघर को रानीबाग जू की तरफ से चीतल हीरण और एक खास तरह का पक्षी दिया गया है। नर बाघ का नाम 'शक्ति' और मादा का 'करिश्मा' है। बता दें कि 2006 तक भायखला चिड़ियाघर में बाघ थे। ऐसे में 13 साल बाद मुंबईकरों को फिर से बाघ देखने को मिलेगा।

रानीबाग में पिछले दिनों ही बीएमसी द्वारा भारत का पहला फ्री बर्ड एविअरी स्थापित किया गया है। यह देश में सबसे बड़ा और सबसे ऊंचा बर्ड एविअरी है। पांच मंजिला बर्ड कॉरिडोर में कुल 6 हॉल हैं और इसे बनाने में 2 साल का समय लगा है। इस एविअरी के पांच हॉल में नए आए कछुए, भालू, तरस और लकड़बग्घों को रखा जाएगा।रानीबाग का हाल ही में सौंदर्यीकरण और आधुनिकीकरण किया गया है। साथ ही देश-विदेश के 100 से अधिक पक्षी और जानवर रानीबाग लाए गए हैं।

# इटालियन कप: इंटर मिलान को 1-0 से हराकर नापोली फाइनल के करीब




**मिलान।** फैबियन रुइज के एकमात्र गोल की बदौलत नापोली ने सैन सिरो में इटालियन कप के सेमीफाइनल के पहले चरण के मुकाबले में इंटर मिलान को चौंकाते हुए 1-0 से जीत दर्ज की।

स्पेनिश मिडफील्डर फैबियन ने 57वें मिनट में गोल दागकर गेन्नारो गट्टूसो की टीम नापोली को जीत की राह पर लौटाया, जिसे पिछले सप्ताह के अंत में घरेलू मैदान पर खेले गए लीग मुकाबले में लेचे के हाथों 2-3 से शिकस्त का सामना करना पड़ा था। फैबियन ने जियोवन्नी डि लॉरेंजो से मिले पास को रोका और फिर इंटर मिलान के तीन डिफेंडरों को छकाते हुए गोल दागा, जिस पर मिलान के गोलकीपर डेनियल पेडेली भी असहाय नजर आए।

वहीं, एंटोनियो कोंटे की टीम इंटर मिलान ने एसी मिलान को रोमांचक डर्बी मुकाबले में 4-2 से हराकर सीरी ए की तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया था, लेकिन नापोली के खिलाफ मुकाबले में कोंटे की टीम सुस्त नजर आई। करीब 60,000 दर्शकों की मौजूदगी में दोनों टीमों के पास पहले हाफ में गोल करने का मौका था, लेकिन दोनों ही टीमें इन्हें भुना नहीं सकीं।

इंटर मिलान के लौतारो मार्टिनेज गोल करने से चूक गए और गेंद गोलपोस्ट के बाहर से चली गई। वहीं, हाफ्टाइम से ठीक पहले नापोली के पिओत्र जिलेंस्की के प्रयास को पेडेली ने नाकाम कर दिया। नापोली ने अपना पिछला खिताब 2014 में जीता था और अब जब वह पांच मार्च को अपने घरेलू मैदान स्टैडियो सैन पाउलो में दूसरे चरण के सेमीफाइनल में उतरेगा तो वह कुछ फायदे की स्थिति में होगा।

## 11 साल की स्काई ब्राउन 92 साल के इतिहास में ब्रिटेन की सबसे युवा ओलंपियन बनेंगी



**नई दिल्ली।** टोक्यो ओलंपिक में इस साल ब्रिटेन की 11 साल की स्केटबोर्डर स्काई ब्राउन उतरने जा रही हैं। वह पदक जीतें या न जीतें लेकिन ब्रिटेन के लिए सबसे युवा ओलंपियन होने का रिकॉर्ड तो अपने नाम कर ही लेंगी। स्केटबोर्ड को इस बार ओलंपिक में शामिल किया गया है। देखने में बेहद मासूम जब स्केटबोर्ड पर सवार होती हैं तो मानों उनके पंख लग जाते हैं। अपनी तेजी और स्टंट से वह लोगों को दांतों तले अंगुलियां दबाने को मजबूर कर देती हैं। उनकी काबिलियत का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने सितंबर में साओ पाउलो में हुई विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक अपने नाम किया था। ब्रिटेन के लिए सबसे युवा ओलंपियन का रिकॉर्ड तैराक मार्गरी हिंटन के नाम है जिन्होंने 1928 एम्स्टर्डम में यह उपलब्धि हासिल की थी। लड़कियां किसी से कम हैं क्या

वह हवा से चार से पांच फीट की छलांग लगा देती हैं। दस फीट की ऊंचाई से गोलाकार बने स्पॉट पर गिरती हैं तो बिजली की सी गति से बाहर आती हैं। आठ साल का उनका भाई ओसियन स्केटपार्क के बाहर बैठकर बहन का कौशल देखकर खूब तालियां बजाता है। वह कहती हैं कि मैं स्पिन (हवा में घूमना) और किकफ्लिप्स (पैरों का कौशल) ज्यादा पसंद करती हूं। मैं वो सभी कौशल दिखाना चाहती हूं जो लड़के स्केटबोर्ड पर करते हैं।

## न्यू जीलैंड में ओपनर्स फेल, टेस्ट सीरीज में कैसे बनेगी बात

**हैमिल्टन।** भारतीय टीम को अगले शुक्रवार से मेजबान न्यू जीलैंड के खिलाफ 2 टेस्ट मैच की शुरूआत करनी है। इससे पहले आज भारतीय टीम न्यू जीलैंड क के खिलाफ अपना एकमात्र तीन दिवसीय प्रैक्टिस मैच खेल रही है। अभ्यास मैच के पहले ही दिन टीम इंडिया के तीनों ओपनिंग बल्लेबाज फ्लॉप हो गए हैं। शुभमन गिल और पृथ्वी साव तो अपना खाता भी नहीं खोल पाए वहीं मयंक अग्रवाल 13 गेंदों में सिर्फ 1 रन बनाकर पविलियन लौट गए। तीनों ही बल्लेबाजों को स्कॉट कगिलेन ने अपना शिकार बनाया। हालांकि हनुमा विहारी (101*) और पुजारा की दमदार पारियों की बदौलत भारत ने अपनी पहली पारी में 263 रन बनाए।

सेडन पार्क हैमिल्टन में खेले जा रहे इस अभ्यास मैच में पृथ्वी साव और मयंक अग्रवाल की जोड़ी ओपनिंग पर उतरी थी। साव पहले ही ओवर में 4 गेंदें खेलकर कैच आउट हो गए। इसके बाद दूसरे छोर



पर मयंक ने अगले 5 ओवर तक क्रीज पर टिकने की कोशिश की। इस दौरान उन्होंने कुल 13 गेंदों का सामना किया और फिर वह कगिलेन की ही गेंद पर कैच आउट हो गए। मयंक अपनी इस पारी में केवल 1 रन ही बना पाए।

मयंक के आउट होने के बाद नंबर 4 पर ओपनिंग के दावेदार माने जा रहे युवा शुभमन गिल को क्रीज पर भेजा गया। लेकिन गिल पहली ही गेंद पर कैच आउट हो गए। इस बीच नंबर 3 पर बल्लेबाजी करने में माहिर बल्लेबाज और भारत की नई दीवार चेतेश्वर पुजारा ने बॉल पर बखूबी अपनी नजरें जमाने का काम किया और उन्होंने पूरा धैर्य दिखाते हुए अपनी पारी को आराम से आगे बढ़ाया और अपनी फिफ्टी पूरी की। इस बीच भारतीय टीम को दूसरे छोर से उपकप्तान अजिंक्य रहाणे के रूप में चौथा झटका लग चुका था। रहाणे ने 30 गेंदों में 1 चौके की मदद से 18 रन बनाए।

अब क्रीज पर हनुमा विहारी आए और उन्होंने पुजारा के साथ सही ढंग से पांव जमाने का काम किया। दोनों बल्लेबाजों ने भारत का स्कोर 200 के पार पहुंचा दिया। पुजारा 93 रन बनाकर आउट हुए। अपनी 211 गेंदों की इस पारी में इस भरोसेमंद बल्लेबाज ने 11 चौके और 1 छक्का जमाया। दूसरे छोर से हनुमा विहारी ने अपना शतक पूरा किया और बाद में वह रिटायर्ड हर्ट होकर नाबाद पविलियन लौट गए। 101 रन की अपनी पारी में विहारी ने 10 चौके और 3 छक्के जमाए।

## मनप्रीत एफआईएच के साल के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी का पुरस्कार जीतने वाले पहले भारतीय बने

**लुसाने।** राष्ट्रीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान मनप्रीत सिंह गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) का साल का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीतने वाले पहले भारतीय बने जिससे उनके लिए 2019 सत्र यादगार रहा जहां उनकी अगुआई में टीम ने ओलंपिक में भी जगह बनाई। मिडफील्डर मनप्रीत इस तरह 1999 में पुरस्कार शुरू होने के बाद इसे जीतने वाले पहले भारतीय बने। मनप्रीत ने इस पुरस्कार की दौड़ में बेल्जियम के आर्थर वान डोरेन और अर्जेन्टीना के लुकास विला को पछाड़ा जो क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। राष्ट्रीय संघों, मीडिया, प्रशंसकों और खिलाड़ियों के संयुक्त मतों में मनप्रीत को 35.2 प्रतिशत मत मिले। वान डोरेन ने कुल 19.7 प्रतिशत जबकि विला ने 16.5 प्रतिशत मत हासिल किए।


## हॉकी नहीं है भारत का राष्ट्रीय खेल, आरटीआई में हुआ खुलासा

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने कहा कि उसने किसी भी खेल को देश के ह्यराष्ट्रीय खेलह्न का दर्जा नहीं दिया है। मंत्रालय ने यह बात उत्तरी महाराष्ट्र के धुले जिले के स्कूल के शिक्षक द्वारा जारी आरटीआई याचिका के जवाब में कहा है। आम धारणा है कि हॉकी भारत का राष्ट्रीय खेल है। यह याचिका उस जवाब को जानने के लिए डाली गई थी कि हॉकी को कब भारत का राष्ट्रीय खेल घोषित किया गया। मयूरेश अग्रवाल धुले जिले के सिंदखेडा तहसील में स्थित वीके पाटिल इंटरनेशनल स्कूल में पढ़ाते हैं। उन्हें मंत्रालय ने यह जवाब दिया है जो 15 जनवरी 2020 को भेजा गया। उन्होंने कहा कि उन्होंने ऐसा छात्रों के सवाल से प्रेरित होकर किया जो उनसे पूछते थे कि हॉकी को देश का राष्ट्रीय खेल कब घोषित किया गया। मंत्रालय ने जवाब में कहा कि सरकार ने किसी भी खेल को देश का राष्ट्रीय खेल घोषित नहीं किया है क्योंकि सरकार का उद्देश्य सभी लोकप्रिय खेल स्पर्धाओं को बढ़ावा देना है।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# कार्तिक आर्यन का सपना होगा पूरा



**इस** साल का वैलंटाइंस डे पर कार्तिक आर्यन के लिए खास है। इस मौके पर उनकी लेटेस्ट फिल्म 'लव आज कल' रिलीज हुई है। जल्द ही कार्तिक असम के गुवाहाटी शहर में दिखाई देंगे क्योंकि यहां 15 तारीख को 65वें ऐमजॉन फिल्मफेयर अवॉड्र्स का आयोजन होना है। बॉलिवुड के इस सबसे बड़े अवॉड्र्स फंक्शन में बड़े सितारों का जमावड़ा लगेगा। कार्तिक के लिए ये अवॉड्र्स इसलिए खास हैं क्योंकि उनका पुराना सपना इस मौके पर पूरा होने जा रहा है। फिल्म 'लव आज कल' में एक कहानी में कार्तिक ने 90 दशक का किरदार निभाया है जो आरुषि शर्मा से रोमांस करता है। अब अवॉर्ड शो में कार्तिक 90 के दशक के शाहरुख और सलमान के सुपरहिट गानों पर परफॉर्म करते दिखाई देंगे। बता दें कि कार्तिक बचपन से सलमान और शाहरुख के फैन्स रहे हैं। ऐसे में उनके इन सुपरहिट गानों पर परफॉर्म करना सपने के पूरे होने जैसा ही है। इसके अलावा कार्तिक अपनी मूवी 'लव आज कल' और पुरानी वाली 'लव आज कल' के गानों पर भी परफॉर्म करेंगे। कार्तिक की इस परफॉर्मेंस को श्यामक डावर ने कोरयॉग्राफ किया है। फिल्मफेयर अवॉड्र्स का आयोजन इंदिरा गांधी ऐथलेटिक्स स्टेडियम में हो रहा है। इवेंट में स्टेज को बहुत सारी एलईडी लाइटों से सजाया गया है जिसमें कार्तिक की बाइक पर धमाकेदार एंट्री होगी। कार्तिक इसमें शिमरी ड्रेस के साथ डांसर्स के ग्रुप के साथ दिखाई देंगे। 15 फरवरी को आयोजित हो रहे इस अवॉर्ड फंक्शन का टेलिकास्ट 16 फरवरी को होगा।

# ...सारा का आया रिऐक्शन



**सारा** अली खान और कार्तिक आर्यन इस समय अपनी अपकमिंग फिल्म 'लव आज कल' की वजह से चर्चा में बने हुए हैं। अलग-अलग प्लेटफॉर्म पर दोनों अपनी फिल्म के प्रमोशन में बिजी है। फिल्म 14 फरवरी यानी वैलंटाइन्स डे को रिलीज होने जा रही है। वहीं, सारा अली खान ने अपने पिता और ऐक्टर सैफ अली खान की बात पर रिऐक्शन दिया है। दरअसल, सैफ अली खान ने अपनी बेटी की 'लव आज कल' पर बयान दिया था। सैफ अली खान ने सारा अली खान की 'लव आज कल' का ट्रेलर देखा था और कहा था कि उन्होंने फिल्म का ट्रेलर देखा है और वह अपनी बेटी सारा और बाकी टीम को शुभकामनाएं देते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि उन्हें अपनी वाली 'लव आज कल' का ट्रेलर ज्यादा अच्छा लगा था। फिलहाल सारा अली खान की फिल्म को लोगों का अच्छा रिऐक्शन मिल रहा है। सारा अली खान ने साथ बातचीत में कहा कि मैं उनकी (सैफ अली खान) का राय का सम्मान करती हूं। वह ऐक्टर और निश्चित रूप से एक अच्छे ऐक्टर हैं। अधिकतर ऐक्टर अपने काम को लेकर पजेसिव होते हैं और होना भी चाहिए। आप अपने प्रॉजेक्ट को अच्छा बनाने के लिए हर तरह से मेहनत करते हैं। तो बेशक, आप इससे जुड़ा हुआ पाते हैं। इसलिए मैं भी अपने काम से जुड़ी हुई हूं। मैं उनकी राय का सम्मान करती हूं और मैं समझती हूं लेकिन मुझे मेरी फिल्म का ट्रेलर पसंद आया।

# फिर से सलमान बोलेंगे अपना फेसम डायलॉग?




**पिछले** साल में दो सुपरहिट फिल्में देने के बाद सलमान खान इस साल एक और धमाकेदार मूवी के साथ फैन्स का मनोरंजन करने को तैयार हैं। इस साल ईद पर सलमान की फिल्म 'राधेः योर मोस्ट वॉन्टेड भाई' रिलीज होने जा रही है। प्रभुदेवा के डायरेक्शन में बन रही यह फिल्म सलमान की सुपरहिट फिल्म 'वॉन्टेड' की अनऑफिशल सीक्वल बताई जा रही है। इस फिल्म की अभी शूटिंग चल रही है। बताया जा रहा है कि इस फिल्म में सलमान खान 'वॉन्टेड' में बोला अपना फेमस 'कमिटमेंट' वाला डायलॉग एक बार फिर इस फिल्म में बोलते दिखाई देंगे। रिपोर्ट्स की मानें तो उनका डायलॉग 'एक बार जो मैंने कमिटमेंट कर लिया तो मैं खुद की भी नहीं सुनता हूं' को इस्तेमाल करने की इजाजत मिलती है तो इसे सलमान फिर बोलते दिखाई जाएंगे। दरअसल फिल्म 'वॉन्टेड' का ऑफिशल सीक्वल नहीं है और ऑरिजनल फिल्म और डायलॉग्स के राइट्स प्रड्यूसर बोनी कपूर के पास हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि इस डायलॉग के लिए बातचीत चल रही है। हालांकि इतना तय है कि अगर प्रभुदेवा को इस डायलॉग की इजाजत नहीं भी मिलती है तो वह जरूर सलमान के लिए कोई धांसू डायलॉग जरूर लाएंगे।